## अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 नवम्बर, 2015

**का. आ. 3054(अ).—**जबकि आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के अंतर्गत जारी की गई भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, (राजस्व विभाग) की दिनांक 7.05.2012 की अधिसूचना सं. का. आ. 1030(अ) द्वारा केन्द्रीय सरकार ने ''ए शामा राव फाउंडेशन, जीएचएस रोड, मैंगलोर, डीके, कर्नाटक-575001'' द्वारा ''श्रीनिवास चिकित्सा विज्ञान अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का विस्तार एवं प्रचालन'' को वित्तीय वर्ष 2014-15 को समाप्त होने वाली तीन वर्षों की अवधि के लिए 7.15 करोड़ रूपए की कार्पस निधि सहित 25.01 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत पर एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में क्रम सं. 15 पर अधिसूचित किया था;

और जबकि उक्त परियोजना या स्कीम के तीन वर्षों से अधिक चलने की संभावना है ;

और जबकि सामाजिक और आर्थिक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए राष्ट्रीय समिति का यह समाधान हो जाने पर कि उक्त परियोजना अथवा स्कीम उपयुक्त रूप से निष्पादित की जा रही है, इस समिति ने आयकर नियमावली, 1962 के नियम 11 ड के उप-नियम (5) के अंतर्गत उक्त परियोजना अथवा स्कीम को अगले तीन वर्षों की अवधि के लिए विनिर्दिष्ट करने की सिफारिश की है;

इसलिए, अब, केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा ''ए शामा राव फाउंडेशन, जीएचएस रोड, मैंगलोर, डीके, कर्नाटक-575001'' द्वारा चलाई जा रही ''श्रीनिवास चिकित्सा विज्ञान अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का विस्तार एवं प्रचालन'' की परियोजना अथवा स्कीम को 7.15 करोड़ रूपए की कार्पस निधि सहित 25.01 करोड़ रूपए की अनुमोदित लागत में कोई परिवर्तन किए बिना, वित्तीय वर्ष 2015-16 से प्रारंभ होने वाले वर्ष से आगे तीन वर्षों की अवधि अर्थात 2015-16, 2016-17 और 2017-2018 के लिए एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में अधिसूचित करती है।

[सं. 244/2015/फा. सं. वी -27015/3/2015 एस ओ(रा. स.)]

मक्खन लाल मीना, उप सचिव(राष्ट्रीय समिति)